# मंच से मुस्लिम युवक-युवतियों ने दिया परिचय

## मुस्लिम समाज का परिचय सम्मेलन, 350 युवाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

**भोपाल, 8 फरवरी. राही वेलफेयर एंड रिसर्च सोसायटी, भोपाल द्वारा रविवार को सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक कॉलेज, ऑडिटोरियम हॉल, पॉलीटेक्निक चौराहा भोपाल में मुस्लिम युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया. संस्था के सचिव आदिल रजा ने बताया मुस्लिम समाज के शादी लायक लड़के-लड़कियों के रिश्ते तलाश करने के लिए संस्था द्वारा पहली बार यह पहल की गई.**

उन्होंने कहा कि वर्तमान में लड़के-लड़कियों के रिश्ते के लिए अभिभावक परेशान होते हैं. इसी के मद्देनजर परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया, ताकि अभिभावकों को अपने बच्चों के रिश्ते करने में सहूलियत हो और युवक-युवतियों को भी अपने मनपसंद का रिश्ता मिल सके. इस परिचय सम्मेलन के लिए जात, बिरादरी से अलग हटकर लोगों ने अपने बच्चों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें मध्यप्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से 350 युवक-युवतियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और सम्मेलन के मंच पर आकर अपना परिचय दिया. परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों के अभिभावक भी मौजूद रहे. सम्मेलन में अतिथि बतौर विधायक आरिफ मसूद, मुफ्ती सलमान अजहरी साहब उपस्थित रहे. संस्था की अध्यक्ष फहमीदा बेगम ने सम्मेलन के उद्देश्यों और संस्था के कार्यों के संबंध में संस्था सचिव एवं समाजसेवी एडवोकेट आदिल रजा मंसूरी ने जानकारी दी.



### डॉक्टर, इंजीनियर और जज ने भी बताई अपनी पसंद

उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में उच्च शिक्षित डॉक्टर, इंजीनियर, न्यायाधीश युवक-युवतियां भी शामिल हुए थे और उन्होंने मंच से अपना परिचय दिया. इस दौरान युवक-युवतियों के माता-पिता ने अपने बच्चों के रिश्तों को लेकर चर्चा की और एक-दूसरे के मोबाइल नंबर भी शेयर किए. सम्मेलन के सफल आयोजन में भूरा भाई उर्फ शमीम, आमिर मंसूरी, अकरम परवेज़, जुनेद राही, नसीम खान, इम्तियाज खान, फैजल खान, मोहसिन, फैज, इस्माइल रसीद सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा.

# गजानन महाराज का अभिषेक और पूजन

**भोपाल, 8 फरवरी. दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में शेगांव (महाराष्ट्र) के सिद्ध संत श्री गजानन महाराज का 148 वां प्राकट्य दिवस रविवार को मनाया गया. इस अवसर पर सुबह 9:30 बजे गर्भगृह परिक्रमा में विराजित संत श्री गजानन महाराज का अभिषेक, पूजन, अर्चना, आरती एवं हवन यजमान ओमप्रकाश राजपूत एवं उनकी पत्नी अनीता राजपूत द्वारा पं. राजेन्द्र पलिया के सानिध्य में किया गया.**

सुबह 10 बजे से अमृत ग्रुप महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से मंजू शर्मा, ज्योति शुक्ला, सुषमा मणि, कल्पना रावत, सुमन सिंह, नीता शुक्ला, अनीता राजपूत, रचना राजपूत सहित अयोध्या नगर एवं भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से पधारी महिला भक्तों ने सहभागिता की. कार्यक्रम के उपरांत संत श्री गजानन महाराज को भोग स्वरूप झुंका-भाकर, मिरची ठेचा, मोदक, सूजी का हलवा, बूंदी, पूरी, पुलाव-सब्जी एवं नमकीन अर्पित किए गए.



इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. इस अवसर पर श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव, सचिव धनंजय बोरकर, मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य स्वाति बोरकर, आर. डी. धुर्वे, आलोक राजपूत, नेहा राजपूत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे.

## एक नजर में



### भोजपुर भंडारे के लिए मंत्री सारंग ने किया भूमिपूजन

**भोपाल, 8 फरवरी.** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को भोजपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है. इसके लिए रविवार को मंत्री विश्वास सारंग ने रविवार को भूमिपूजन किया. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर भोजपुर में आयोजित मंडल के 23 वें विशाल भंडारे का भूमिपूजन मंडल के संरक्षक एवं कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के कर कमलों द्वारा पंडित सुमित शर्मा ने कराया. भूमि पूजन की शुरुआत बालिका स्वाभी भटेजा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस विशाल भंडारे में लगभग 1 लाख 21 हजार शिव भक्तों को प्रसादी वितरित की जाएगी. जिन भक्तों का उपवास है, उनके लिए साबूदाने की खिचड़ी, मोरधन की खीर, आलू चाट, साबूदाने के वारे, फल, चाय की व्यवस्था की जाएगी एवं जिन श्रद्धालुओं का उपवास नहीं है उनके लिए प्रसिद्ध कढ़ी चावल की व्यवस्था की जाएगी. रिंकू भटेजा ने आगे बताया कि भंडारे के दौरान भोजपुर मंदिर में 21 फीट ऊंचे शिवलिंग पर गोमुख का पवित्र गंगाजल निरंतर प्रवाहित होगा. भूमिपूजन में मुख्य रूप से राजकुमार शर्मा, विपिन भार्गव, मंजू गौतम, दिव्या वोहरा, भानू वोहरा, विजय श्रीवास्तव, सुरेंद सिंह जाट, प्रदीप सोनी, प्रताप पाल, शोभाराम रघुवंशी, प्रकाश पाटिल, शिव पाटिल, बालकृष्ण जोशी, गजेंद्र ठाकुर, ब्रजेश पाठक, गोटू सोनी सहित मंडल के अन्य सदस्य शामिल हुए.



### हिंदू वाहिनी संघ की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**भोपाल, 8 फरवरी.** हिंदू वाहिनी संघ (बजरंग वाहिनी) की मासिक बैठक रविवार को स्वामी विवेकानंद परिसर कटारा हिल्स स्थित दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर में हुई. बैठक में जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों ने संगठन के विस्तार, नए सदस्यों को जोड़ने और सनातन कार्य करने के संबंध में चर्चा की. साथ ही गौरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए.



### गौमाता की रक्षा के लिए निकाली गौ सम्मान यात्रा

**भोपाल, 8 फरवरी.** अखिल भारतीय सर्वदलीय गौरक्षा महाभियान समिति द्वारा भोपाल में हो रही गौ माता की हत्या एवं गौ तस्करी को देखते हुए रविवार को गौ सम्मान यात्रा निकल गई. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि गौमाता की रक्षा के लिए मोहल्ले-मोहल्ले में टोली बनाई जाएगी. धर्मेंद्र पंडित ने कहा कि गौहत्या पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है. शिवांगी ठाकुर ने कहा कि गो हत्या पर रोक लगा सकते हैं, इसके लिए हम सब सब एकजुट हो जाएं और सब संगठन मिलकर गौमाता के लिए खड़े हो जाएं.



### महापौर ने उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

**भोपाल, 8 फरवरी.** महापौर मालती राय के के मुख्य आतिथ्य में रविवार को हिन्दी भवन में संत शिरोमणी श्री रविदास जी महाराज की 649वी जयन्ती महोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया. महापौर राय ने संत श्री रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया. महापौर ने इस दौरान उत्कृष्ट कार्यों में विशिष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया.



# माता-पिता की विरासत जो आगे बढ़ाए, वही है संतान

**लिटिल बैले ट्रूप में नाटक मध्यांतर का मंचन**

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 8 फरवरी. माता-पिता की विरासत को जो आगे बढ़ाए वही संतान है, यह पंक्तियां थी लिटिल बैले ट्रूप में रविवार आयोजित नाटक मध्यांतर की. एक ऐसा नाटक जो अपनी समाप्ति में न केवल दर्शकों के मन में प्रश्न छोड़ गया. बल्कि समाज की एक विसंगति को बड़े ही प्रेम और सहज भाव से स्वीकारना भी सिखा गया.**

नाटक की कहानी जयवर्धन ने लिखी है, निर्देशक की भूमिका विभा श्रीवास्तव ने निभाई. नाटक की कथा शुरू होती है एक मध्यम वर्गीय परिवार से, नायक किरदार ज्ञान खुद एक नाटक एकेडमी में बच्चों को अभिनय सिखाता है तो पत्नी घर की जिम्मेदारी को बखूबी निभाती है. लेकिन अचानक एक दिन पति के साथ हुए हादसे के बाद दोनों के जीवन में नया मोड़ आता है और नायक अपाहिज हो जाता है. साथ ही दोनों के जीवन से मां बाप बनने का सुख छिन जाता है. नायक नायिका को दूसरी शादी करने को कहता है और पत्नी उसकी इस बात पर उसे उसकी निर्बलता के अहसास को उम्मीद से बांधती है और पहले की तरह नए सिरे से जीवन को जीने की राह दिखलाती है. अंत में नायक फिर से बच्चों को अभिनय सिखाने के लिए अपनी कोशिश से उठ खड़ा होता है. नाटक के माध्यम से बड़े ही भावपूर्ण और प्रभावी दृश्यों के जरिए समाज के दूसरे पहलू यानि कि स्त्री के विचार से नाटक को मंच पर संजोया गया है. नाटक में चार कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी.

# डॉ. ममता ने स्पेन में किया भोपाल का प्रतिनिधित्व

**भोपाल, 8 फरवरी. एम्स भोपाल लगातार शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है. जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों को वैश्विक अवसर मिल रहे हैं.**

इसी दिशा में एम्स की नर्सिंग कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ ममता वर्मा ने स्पेन में आयोजित 10 वें विश्व गुणात्मक अनुसंधान सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का गौरव बढ़ाया. इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डॉक्टर ममता वर्मा ने गुणात्मक शोध के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाई और वैश्विक शोधकर्ताओं के साथ ज्ञान और अनुभव साझा किया. सम्मेलन के दौरान उन्होंने समानांतर शोध सत्र का संचालन किया. जिसमें कनाडा, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के शोधकर्ताओं ने अपने शोध प्रस्तुत किए. डॉक्टर वर्मा ने शोध कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए फोटोग्राफी आधारित शोध तकनीक पर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया. जिससे शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के नए आयाम सामने आए.



इस आयोजन में करीब 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया. जहां विविधता, समावेशन और समानता आधारित शोध दृष्टिकोण पर चर्चा हुई. डॉक्टर ममता वर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान प्रबंधन अपने वरिष्ठ सहयोगियों और विद्यार्थियों के सहयोग और मार्गदर्शन को दिया.

# जनपरिषद ने किया अजातशत्रु का अभिनंदन

**भोपाल, 8 फरवरी. जनपरिषद के उपाध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजातशत्रु श्रीवास्तव के मुख्यमंत्री के ओएसडी बनने पर जन परिषद की कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया. पदाधिकारियों में रामजी श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, दुर्गेश रायकवार, मोहन अग्रवाल एवं सुनील श्रीवास्तव उपस्थित थे.**

एन के त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव नीलू एवं महेंद्र जोशी के भोपाल से बाहर होने के कारण उन्होंने फोन पर बधाइयां दी. अजातशत्रु ने चर्चा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेरे सभी मित्रों एवं शुभचिंतकों की है. उन्होंने कहा कि जनपरिषद के सामाजिक एवं रचनात्मक उद्देश्यों को मूर्तरूप देने के लिए, उनसे जो भी बन पड़ेगा, वे उसके लिए कृत संकल्पित हैं.



# आज 35 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल.** शहर में मेंटनेंस के लिए सोमवार को करीब 35 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रचना नगर, गौतम नगर, बैंक कॉलोनी. सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक भानपुर, रीगल स्टेट, रॉयल होम्स, इरानी बस्ती, नेहरू नगर, गीता नगर, लीलाधर कॉलोनी, समता नगर, कुटीर नगर, मालीखेड़ी, शबरी नगर, पिपलिया बाज खां, विजय नगर, पटेल नगर, सुख सागर फार्म, विजय मार्केट सहित 35 इलाकों में बिजली बंद रहेगी.

# जेल सजा काटने का स्थान नहीं, स्वयं को तराशने की कार्यशाला

**भोपाल.** दिगंबर जैन महासभा, भोपाल द्वारा रविवार को केंद्रीय जेल में आध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों के भीतर आत्म-सुधार की भावना जगाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना था. इस दौरान उपाध्याय मुनिश्री विशोक सागर महाराज ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'जेल केवल सजा काटने का स्थान नहीं है, बल्कि यह स्वयं को तराशने की एक 'कार्यशाला' है. उन्होंने 'प्रायश्चित से प्रगति' का मंत्र देते हुए बंदियों को अपनी पुरानी गलतियों को भूलकर नए जीवन की शुरुआत करने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम में एसडीएम आदित्य जैन, जेल अधीक्षक राकेश भांगरे एवं जेलर एम.एस. मरावी, हरीश चंद्रा, संतोष जैन, शैलेंद्र जैन मौजूद थे.

# संभावना में लोक संस्कृति की रंगीन झलक



**नवभारत प्रतिनिधि,**
**भोपाल, 8 फरवरी. मप्र जनजातीय संग्रहालय में रविवार को लोक संस्कृति और परंपरा का जीवंत स्वरूप देखने को मिला, जब राजगढ़ से आए महेश मालवीय और उनके साथियों ने कबीर गायन की प्रस्तुति दी. उनके भजनों ने तो माहौल को आध्यात्म के रंग से मानों भर दिया हो.**

यह अवसर था जब संग्रहालय में आयोजित संभावना गतिविधि कार्यक्रम का. जिसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए कलाकारों ने नृत्य और गायन की शानदार प्रस्तुतियां देकर परिसर में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया. कार्यक्रम में दतिया से आए विनोद सेन और उनके साथियों ने लांगुरिया गायन और देवी भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया. जिसके बाद राखी बांके और उनके साथियों ने पारंपरिक गणगौर नृत्य प्रस्तुत किया.

रंगीन परिधानों और ढोल थाली की धुन पर किया गया. यह नृत्य निमाड़ क्षेत्र की संस्कृति को जीवंत करता नजर आया.

इस बीच महिला और पुरुष कलाकारों ने पारंपरिक शैली में नृत्य कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी. इसके बाद रंग बिरंगी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने पारंपरिक पदचाप और समूह नृत्य मुद्राओं के साथ धार जिले से आए कृष्णा मालीवाड़ और उनके साथियों ने भील जनजाति का प्रसिद्ध भगोरिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी. इस नृत्य में भील समाज की पारंपरिक जीवन शैली और उत्सव की झलक साफ नजर आई. संग्रहालय में हर रविवार आयोजित होने वाली इस गतिविधि के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न लोकांचलों और जनजातीय कला परंपराओं को आम लोगों से परिचित कराया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं.



# होम्योपैथी सुरक्षित, दीर्घकालिक उपचार पद्धति : मंत्री सारंग

**पं. खुशीलाल शर्मा ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन**

**भोपाल, 8 फरवरी. हेल्दी वर्ल्ड विजन फाउंडेशन के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 2026 का आयोजन 7 और 8 फवरी को पं. खुशीलाल शर्मा, आयुष ऑडिटोरियम भोपाल में हुआ. इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया.**

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग व विशिष्ट अतिथि विधायक भगवान दास सबनानी थे. इस दौरान मंत्री सारंग ने होम्योपैथी की वैज्ञानिक सोच, इसकी बढ़ती स्वीकार्यता एवं जन-स्वास्थ्य में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि खेल जगत में होम्योपैथी का उपयोग खिलाड़ियों की फिटनेस, चोटों की शीघ्र रिकवरी, स्टैमिना बढ़ाने एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में प्रभावी रूप से किया जा सकता है. युवा खिलाड़ियों के लिए होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्रभावशाली और दीर्घकालिक उपचार पद्धति सिद्ध हो रही है.

विशिष्ट अतिथि विधायक सबनानी ने हेल्दी वर्ल्ड विजन फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय सम्मेलन होम्योपैथी को मुख्यधारा में लाने एवं समाज तक इसकी वास्तविक क्षमता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.


सम्मेलन में 'होमियो विज़न 3.0' पत्रिका एवं डॉ. अमित व डॉ. पूजा नायक द्वारा लिखित 'द चैलेंजर' किताब का विमोचन किया गया, जो होम्योपैथी से जुड़े नवीन शोध, केस स्टडी, समसामयिक विषयों एवं भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है. सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए वक्ताओं ने होम्योपैथी की बढ़ती प्रासंगिकता, आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में इसकी प्रभावशीलता, अनुसंधान, शिक्षा एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल में इसके सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा की. फाउंडेशन की उपाध्यक्ष डॉ. पूजा नायक ने कहा कि होम्योपैथी न केवल रोगों के उपचार में बल्कि रोग-निवारण और जीवन-शैली सुधार में भी अहम भूमिका निभा रही है.

**संगीत संध्या** सुर सरस्वती समूह की संगीत संध्या में गायकों ने सुनाए सदाबहार नगमे

# सुरों में डूबी रवीन्द्र भवन की यादगार शाम

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 8 फरवरी. सत्यम शिवम सुंदरम की मधुर गूंज से जब रवीन्द्र भवन का गौरांजनी ऑडिटोरियम भर उठा, तब लगा जैसे पूरा सभागार संगीत की सरिता में बह रही हो. रविवार की शाम आयोजित सुर सरस्वती समूह की संगीत संध्या ने संगीत प्रेमियों को भावनाओं से भर दिया.**

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ गायिका और संरक्षिका माला उइके की आवाज से हुई. जिसने श्रोताओं को पुराने सुनहरे दौर की याद दिला दी और शाम सुरों के नगमों से सज सी गई. कार्यक्रम में श्रोता देर रात तक गीतों के साथ झूमते रहे. गणेश वंदना से शुरू हुए आयोजन में शहर के कई अनुभवी और उभरते कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी. विवेक परांजपे ने गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा गाकर तालियां बटोरी.



तो विजय पित्रे ने जिधर देखूं तेरी तस्वीर से श्रोताओं को भावुक किया. वहीं शेषराव ने मेरा जीवन कुछ काम न आया, अनिल गोरे ने गुस्ताखी माफ और संजय राजापुरकर ने अब क्या मिसाल दू गाकर माहौल को और सुरमय बनाया. जिसके बाद मनोज जाट ने आ अब लौट चलें, चंदन बंसल ने कोई हसीना जब रूठ जाती है और तरुणा चौहान मिलो न तुम तो हम घबराएं की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया. इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. संजय शर्मा ने किया और पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा बनाए रखी.